CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 41 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 27 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## परिवहन निरीक्षक के छह ठिकानों पर एसीबी की छापेमारी, करोड़ों की बेनामी संपत्तियां उजागर

### आय से 201% अधिक संपत्ति मिलने का आरोप, 3 करोड़ से अधिक की संपत्तियां व बैंक खातों का खुलासा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।


**डॉ. चेतन ठठेरा**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने शनिवार को परिवहन निरीक्षक सूजाराम चौधरी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए जालौर, सिरोही, जोधपुर सहित 6 ठिकानों पर एक साथ सर्च अभियान चलाया।

रेलवे स्टेशन स्थित एसीबी मुख्यालय को गोपनीय सूचना मिली थी कि सूजाराम चौधरी, परिवहन निरीक्षक (जिला परिवहन कार्यालय, सिरोही) ने राजकीय सेवा में रहते हुए आय से कई गुना अधिक संपत्ति अर्जित की है।

इस सूचना के आधार पर छक्रपाली के पुलिस अधीक्षक खींव सिंह के नेतृत्व में टीमों का गठन कर सर्च की गई। प्रारंभिक जांच में चौधरी की आय से लगभग 201% अधिक संपत्ति अर्जित करने की पुष्टि हुई है।






### अब तक सामने आया खुलासा-

• भीनमाल, माउंट आबू, जालौर व जोधपुर में आवासीय और व्यवसायिक कुल 15 संपत्तियों का खुलासा, अनुमानित कीमत करीब 3.35 करोड़।

• सात बैंकों में करोड़ों रुपये के लेनदेन के प्रमाण मिले, करीब 12 लाख का बैलेंस खातों में उपलब्ध।

• कुशालपुरा (भीनमाल) में आवासीय मकान,

• आशापूर्णा सिटी (जोधपुर) में मकान नंबर 267C,

• चौपासनी हाउसिंग बोर्ड (जोधपुर) में मकान नंबर 12/46B,

• शास्त्री नगर (जोधपुर) की दुकान भूखण्ड संख्या 19,

• माउंट आबू में मकान संख्या 36 अड्डा लकड़ा योजना आदि संपत्तियों के दस्तावेज जब्त हुए है । वही अभी और भी कई खुलासे होने की संभावना है एसीबी की टीम की निरीक्षक के ठिकानों पर कार्रवाई देर रात तक भी जारी रही ।

## गांजे की खेती और भंडारण करते बुजुर्ग गिरफ्तार, 11 लाख से अधिक का गांजा जब्त



भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा

थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 लाख से अधिक की कीमत का गांजा जब्त किया है । ग्राम बागोलिया में एक खेत पर दबिश देकर गांजे की खेती और भंडारण कर रहे एक बुजुर्ग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से 99 गांजे के हरे ताजे पौधे, जिनका वजन 38.040 किलोग्राम है, और 270 ग्राम सुखाया हुआ गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 11 लाख 54 हजार 700 रुपये आंकी गई है।

थाना प्रभारी पुरणमल ने बताया कि आरोपी लक्ष्मण लाल पिता मियाराम नायक को हिरासत में लेते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है ।

## भीलवाड़ा जिले में जर्जर भवनों के उपयोग पर पाबंदी, निरीक्षण के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जिला कलक्टर जसप्रीत सिंह संधू ने जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं कि आगामी 5 दिवसों के भीतर स्कूलों, आंगनबाड़ियों और अन्य राजकीय भवनों का निरीक्षण विशेष टीमों द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि जो भी भवन असुरक्षित, जर्जर या क्षतिग्रस्त अवस्था में पाए जाएं, उनका उपयोग तुरंत बंद कर दिया जाए। ऐसे भवनों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मरम्मत योग्य भवनों के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर संबंधित विभागों को भेजें और इसकी जानकारी जिला कलेक्ट्रेट को भी अनिवार्य रूप से दें।

कलक्टर संधू ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में बच्चों, कर्मचारियों या आमजन को खतरे में डालते हुए असुरक्षित भवनों में नहीं रखा जाए। निर्देशों की अवहेलना पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## क्रूड ऑयल चोरी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, 50 हजार का इनामी था आरोपी



भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने क्रूड ऑयल चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग के सरगना दिनेश उर्फ अनमोल उर्फ राहुल राठी (38) को दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-16 से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 50 हजार का इनाम घोषित था। एडीजी वी.के. सिंह ने बताया कि आरोपी हरियाणा के हिसार के नारनौद क्षेत्र में एचपीसीएल पाइपलाइन में सुराख करने की प्लानिंग में जुटा था। इससे पहले आईओसीएल की गुजरात-हरियाणा पाइपलाइन में राजस्थान के कोटपूतली (शाहजहांपुर) में सुरंग बनाकर हजारों लीटर क्रूड ऑयल चोरी की गई थी। 13 जनवरी को दर्ज रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ था। एसओजी की जांच में अब तक 40 हजार लीटर से ज्यादा क्रूड ऑयल व अन्य उपकरण जब्त किए जा चुके हैं। आरोपी के खिलाफ 33 से अधिक केस दर्ज हैं और यह अंतरराज्यीय शातिर गैंग का हिस्सा है।

## उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा आज भीलवाड़ा दौरे पर

### हरियाळो राजस्थान 2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण व योजनाओं की करेंगे समीक्षा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्य सरकार की पहल मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान - एक पेड़ माँ के नाम÷ के अंतर्गत हरियाळो राजस्थान 2.0 अभियान के तहत 27 जुलाई रविवार को जिले में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



इन कार्यक्रमों में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

जिला कलेक्टर जसप्रीत सिंह संधू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत दौलपुरा मांडलगढ़ में जिला स्तरीय सघन वृक्षारोपण से होगी। इसके बाद दोपहर 1 बजे मांडलगढ़ पंचायत समिति सभागार में फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक होगी।

उसके दोपहर 2 बजे उपमुख्यमंत्री प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे।

## फर्जी रवन्ना के दो ट्रेलर और चार अवैध बजरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

### डीएसटी टीम की बड़ी कार्रवाई, बजरी माफिया में मचा हड़कंप

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद

जिले में बजरी माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार सुबह पुलिस की डीएसटी (डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम) ने एनएच-27 पर बीगोद और मांडलगढ़ के बीच बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी रवन्ना से भरे दो ट्रेलर और चार बिना नंबर की अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की हैं।

डीएसटी प्रभारी कालूराम धायल ने बताया कि खनिज विभाग की जांच में जब्त ट्रेलरों में पाए गए रवन्ना दस्तावेज फर्जी निकले। बनास और कोठारी नदी से हो रहे अवैध बजरी दोहन की शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर की गई। कार्रवाई के दौरान सड़क पर दौड़ रहे अन्य अवैध बजरी वाहनों में अफरा-तफरी मच गई और वे मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



**भीलवाड़ा फोकस**

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com

CMYK

# सगतपुरिया आयुर्वेद औषधालय में चरक जयंती सप्ताह शुरू



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

(रमेश चंद्र डाड)। राजकीय आयुर्वेद औषधालय सगतपुरिया में चरक जयंती सप्ताह की शुरुआत पौधारोपण से हुई। आयुर्वेद नर्स मीना मीणा ने बताया कि 29 जुलाई को चरक जयंती मनाई जाएगी। इसी कड़ी में औषधीय पौधों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक चेतन लोधा, हीरालाल बलाई, मंजू बारेठ, ओमप्रकाश बारेठ व महावीर जोशी मौजूद रहे।

# हर छात्र एक पौधा, हर पौधा एक जीवनः खेड़ा पालोला में जागरूकता के साथ रोपे गए 200 पौधे



**भीलवाड़ा फोकस @ कोठियां**

हिंदुस्तान जिंक सी एस आर विभाग के सहयोग से ग्राम खेड़ा पालोला में पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरुकता के लिए 200 पौधे प्रदान कर सार्वजनिक स्थानों पर रोपित किए गए! कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेड़ा पलोला में 26 जून शनिवार को सी एस आर कोऑर्डिनेटर नवीन टेलर द्वारा पोध रोपण प्रत्येक बालक को एक पौधा के संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर पर उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के लिए सबसे कम 10 पौधे लगाने का आहवान करते हुए पेड़ पौधों का महत्व समझाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राम कुवांर चौधरी प्रधानाध्यापक अखत्यार अली, इको क्लब प्रभारी मीना खटीक, ई ग्राम प्रभारी निकिता उपाध्याय, वाटिका प्रभारी वीना मीना,आंगनवाड़ी सुशिला शर्मा,विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य ,मनराज माली एवं सुनीता पारीक ने भी बिल पत्र का पोधा रोपण किया!

# जामुनिया देवनारायण मंदिर परिसर में गोकुल डैयरी ने किया पौधारोपण, चोबे बोले- धार्मिक स्थलों को हरित बनाना सौभाग्य की बात



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**पेसवानी।** उप तहसील ढीकोला के जामुनिया देवनारायण मंदिर परिसर में गोकुल डैयरी की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोकुल डैयरी द्वारा मंदिर परिसर व आसपास नीम सहित कई पौधे लगाए गए। पौधों की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी संस्था ने ली है। इस कार्यक्रम में संगम समूह का सहयोग रहा, जिसने पौधे और ट्री गार्ड उपलब्ध कराए। गोकुल डैयरी के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक चोबे ने कहा, ÷धार्मिक स्थलों को स्वच्छ और हरित बनाना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हमारी संस्था समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण में भी सक्रिय है।÷ इस अवसर पर मंदिर भोपाजी महादेव गुर्जर, राधाकृष्ण गुर्जर, भोजाजी गुर्जर, राजू जाट सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# फोकस की गूंज : तिलस्वा महादेव मंदिर में भ्रष्टाचार को लेकर बवाल, ट्रस्ट सचिव को हटाने की मांग – नहीं मानी गई मांग तो 51 शिवभक्त लेंगे जल समाधि

## विधायक बोले- बाउंसर तैनात कर डर का माहौल बनाया जा रहा है? भगवान के घर में बाउंसर का क्या काम



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

प्रसिद्ध तिलस्वा नाथ महादेव मंदिर में भ्रष्टाचार, मनमानी और धार्मिक व्यवस्था को लेकर चल रहा विवाद और अधिक गंभीर हो गया है। शनिवार को भीलवाड़ा फोकस की प्रकाशित खबर '' तिलस्वा महादेव मंदिर ट्रस्ट और संघर्ष समिति के बीच टकराव गहराया, श्रद्धालु बेहाल'' के बाद तिलस्वा संघर्ष समिति ने विधायक गोपाल खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपते हुए मंदिर ट्रस्ट सचिव को पद से हटाने की मांग की है । समिति ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो गांव के 51 शिवभक्त कुंड में जल समाधि लेकर प्राण त्याग देंगे।



तिलस्वा महादेव मंदिर ट्रस्ट और संघर्ष समिति के बीच टकराव गहराया, श्रद्धालु बेहाल

ऑफिस पर ताले, बंद हुई रसीदें और कैदियों का रजिस्ट्रेशन; मंदिर में बाउंसर तैनात

तिलस्वा- ट्रस्ट कार्यालय पर लगा ताला

तिलस्वा- कार्यालय के बाहर बैठे बाउंसर

### ट्रस्ट सचिव पर भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप

ज्ञापन में बताया गया कि मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर बीते कई महीनों से लगातार गबन और मनमानी के आरोप लग रहे हैं। समिति के अनुसार, ट्रस्ट ने 25 जुलाई शुक्रवार को मंदिर कार्यालय पर ताले जड़ दिए, जिससे श्रद्धालुओं को भारी असुविधा हो रही है।

### 50,000 प्रतिदिन खर्च कर बाउंसर तैनात

संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि ट्रस्ट सचिव मांगीलाल द्वारा मंदिर में अनाधिकृत रूप से बाउंसरों की नियुक्ति की गई है, जिन पर प्रतिदिन लगभग ?50,000 का खर्च किया जा रहा है। विरोध करने पर सचिव धमकियां देता है और कोर्ट केस में फंसाने की बात करता है।

### विधायक का बड़ा बयान "किस बात के बाउंसर?"

इस पूरे मामले में विधायक गोपाल खंडेलवाल ने भी खुलकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा है की
तिलस्वा मंदिर में ट्रस्ट द्वारा मनमानी की जा रही है। शुक्रवार को जैसे ही कार्यालय पर ताला लगाया गया, मैंने तुरंत जिला कलेक्टर को पूरे मामले से अवगत करा दिया। कलेक्टर ने पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। जिसका नेतृत्व एडीएम करेंगे । सोमवार से जाँच शुरू होगी । मंदिर में बाउंसर क्यों? क्या भक्तों को डराने-धमकाने के लिए यह कदम उठाया गया है? देश के किसी भी मंदिर में बाउंसर नहीं होते। तिलस्वा मंदिर कोई निजी संस्थान नहीं है।जहाँ बाउंसर लगा दिए ।

### जल समाधि की चेतावनी को गंभीरता से लिया

विधायक ने संघर्ष समिति द्वारा दी गई जल समाधि की चेतावनी को गंभीर मानते हुए कहा कि इस संबंध में ज्ञापन मुझे प्राप्त हुआ है, और मैं पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए हूँ। कुछ लोग निजी स्वार्थ के चलते धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे हैं, जिसकी जांच जरूरी है।÷

### समिति की मांगें और चेतावनी

संघर्ष समिति ने मांग की है कि ट्रस्ट सचिव मांगीलाल को तुरंत पद से हटाकर मंदिर व्यवस्था को पारदर्शी किया जाए, अन्यथा वे प्राणों की आहुति देंगे। समिति का आरोप है कि भगवान के चढ़ावे और मंदिर कोष का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### ज्ञापन सौंपते समय ये रहे मौजूद-

रंजीत अहीर, कुशल शर्मा, लादू लाल अहीर, शिवलाल धाकड़, राजू वैष्णव, राजू कीर, ओम कीर, महेंद्र मेघवंशी, धनराज धाकड़, अनिल धाकड़, शंभू लाल मेघवंशी, हीरालाल अहीर सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त मौके पर उपस्थित रहे।

# मांडलगढ़ विधायक ने किया कस्टम हायरिंग सेंटर का लोकार्पण

## "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत किया पौधरोपण, ग्रामीणों से वृक्ष संरक्षण का आह्वान





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने शनिवार को चांद जी की खेड़ी स्थित सहकारी समिति परिसर में कस्टम हायरिंग सेंटर का उद्घाटन किया। इस योजना के तहत कृषकों को अत्याधुनिक कृषि यंत्र सहज दरों पर उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे कृषि कार्यों में सहूलियत मिलेगी और उत्पादन में वृद्धि होगी। इस अवसर पर विधायक खंडेलवाल ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने हेतु संकल्पित है। कस्टम हायरिंग सेंटर से छोटे और सीमांत किसानों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा, जो स्वयं कृषि यंत्र खरीदने में असमर्थ हैं। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ माँ के नाम हरियालो राजस्थान महाअभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। विधायक ने ग्रामीणों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने और वृक्षों की देखरेख सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारा, वरिष्ठ भाजपा नेता गोवर्धन वैष्णव, मनोज सनाढ्य, पंचायत समिति सदस्य हितेन्द्र राजोरा, जीएसएस अध्यक्ष प्रताप सिंह, व्यवस्थापक मिठू सिंह, बिट्ठल तिवाड़ी, धर्मराज खटीक, मुकेश धाकड़, पार्वती सालवी, विनोद शर्मा, राजू बैरागी, पिंटू शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## संपादकीय

### क्या सत्ता से छूट गई बिजौलिया की 'कीर्ति'?

**बिजौलियां** – मांडलगढ़ विधानसभा का एक प्रमुख कस्बा, जिसकी राजनीतिक पहचान वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी रही है। यहां दो बार बीजेपी से विधायक भी बने - दिवंगत कीर्ति कुमारी और बद्री प्रसाद गुरुजी। लेकिन आज सवाल ये है कि क्या बिजौलिया की कीर्ति अब सत्ता के केंद्रों से दूर हो गई है?



स्थिति चिंताजनक है। नगरपालिका की लापरवाही और प्रशासन की अनदेखी ने आमजन को नरकीय जीवन जीने पर मजबूर कर दिया है। कस्बे में 12-15 दिन में केवल मुख्य इलाकों में सफाई हो रही है, लेकिन आंतरिक मोहल्लों में अब भी गंदगी का अंबार है। क्या यह ÷स्वच्छ भारत अभियान की परिकल्पना थी? सड़कें गड्ढों से भरी पड़ी हैं। मंदाकिनी मार्ग खुदा पड़ा है, अस्पताल रोड पूरी तरह जर्जर हो चुका है। रामद्वारा मार्ग, चारण माता रोड, पटवार भवन रोड और अन्य एक दर्जन से अधिक सड़कें ऐसी हैं कि चलना दूभर हो गया है। बारिश के दिनों में ये हालात और भी बदतर हो जाते हैं।

स्ट्रीट लाइट्स महीनों से खराब हैं। कई इलाकों में रात के अंधेरे में दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

सबसे हैरानी की बात यह है कि जहां एक समय कीर्ति कुमारी जैसे लोकप्रिय विधायक की मौजूदगी सत्ता के गलियारों तक बिजौलिया की सीधी पहुंच थी, आज वही कस्बा बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है।

क्या ये कस्बा इसलिए उपेक्षित हो रहा है क्योंकि उसने हमेशा किसी विशेष दल को समर्थन दिया? या फिर अब जनता की निष्ठा को उसकी कमजोरी समझा जा रहा है?

#### बिजौलिया की जनता अब सवाल पूछ रही है -

- कब होगा नियमित सफाई का इंतजाम?
- सड़कें कब बनेंगी?
- अंधेरे में डूबी गलियों को कब मिलेगा उजाला?

यह संपादकीय किसी दल विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि जनहित की आवाज़ है। लोकतंत्र में जनता का समर्थन स्थायी नहीं होता, लेकिन उसका असंतोष ज़रूर सत्ता को हिला देता है।

**कपिल विजयवर्गीय (प्रधान संपादक)**

## QUICK BITES

### रेडीमेड गारमेंट्स शॉप में आग, लाखों का माल खाक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कोर्ट रोड की सब्जी मंडी कॉर्नर पर आर.आर. सेल्स रेडीमेड गारमेंट्स शॉप में शनिवार अलसुबह भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। दुकान से उठता धुआं देख राहगीरों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिस पर दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से दुकान में रखा लाखों रुपये का रेडीमेड माल जलकर नष्ट हो गया। हालांकि पास की अन्य दुकानों को कोई नुकसान नहीं हुआ। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### पंडेर पुलिस ने रोटावेटर चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ पंडेर




थाना पुलिस ने क्षेत्र में हुई रोटावेटर चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी कमलेश के नेतृत्व में की गई। थानाधिकारी कमलेश ने बताया कि 25 जुलाई की रात रोपा रोड, पंडेर में एक बाड़े में खड़े ट्रैक्टर से अज्ञात चोर रोटावेटर चोरी कर ले गए थे। इस दौरान चोरों ने बाड़े का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर दो युवकों सुनील, पिता सुरेश भाट, उम्र 18 वर्ष, निवासी जवाहरनगर, थाना पंडेर एवं सद्दाम, पिता रफीक मोहम्मद मेवाती, उम्र 20 वर्ष, निवासी पंडेर, थाना पंडेर को हिरासत में लिया है । पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया रोटावेटर बरामद कर लिया है। आगे की पूछताछ एवं जांच जारी है।

# सवाईपुर स्कूल में बाल संसद का गठन, दिव्यांशी बनीं पीएम, सिद्धांत डिप्टी पीएम

### शपथ ग्रहण समारोह 28 जुलाई को

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर




राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सवाईपुर में लोकतंत्र की समझ और सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से बाल संसद का गठन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर की पहल पर 26 जुलाई को विधिवत मतदान प्रक्रिया से प्रधानमंत्री और उपप्रधानमंत्री का चुनाव हुआ।

कक्षा 12 की दिव्यांशी सुथार प्रधानमंत्री और सिद्धांत सिंह पुरावत उपप्रधानमंत्री चुने गए।

चुनाव प्रभारी दीपिका शर्मा ने बताया कि प्रत्येक कक्षा से दो सांसद चुने गए, जिनमें से प्रधानमंत्री और डिप्टी पीएम का चयन हुआ। नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री अब अपना मंत्रिमंडल बनाएंगी जो विद्यालय गतिविधियों में भाग लेगा।

चुनाव में विद्यार्थियों और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शपथ ग्रहण समारोह 28 जुलाई, सोमवार को आयोजित होगा।

# महात्मा गांधी स्कूल भवन जर्जर, प्रस्तावों के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई


### महेंद्रगढ़ गांव के विद्यार्थी डर के साये में कर रहे अध्ययन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**डॉ. चेतन ठठेरा**







राजस्थान के झालावाड़ में हुई स्कूल हादसे के बाद प्रशासन भले ही अलर्ट मोड में आया हो, लेकिन ज़मीनी हालात अब भी गंभीर हैं। रायपुर-सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के महेंद्रगढ़ गांव में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) का भवन खस्ताहाल स्थिति में है।

विद्यालय में कक्षा 12 तक की पढ़ाई होती है, लेकिन 9 में से 6 कक्षा कक्ष और बरामदा जर्जर हालत में हैं। दीवारें और छतें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जो किसी भी वक्त हादसे को न्योता दे सकती हैं।

सरपंच ललिता सोमाणी और पंचायत समिति सदस्य रामधन सोमाणी ने बताया कि बीते दो वर्षों में तीन बार प्रस्ताव बनाकर सीबीईओ सहाड़ा को भेजे जा चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बारिश के दिनों में विद्यार्थी जान जोखिम में डालकर अध्ययन करने को मजबूर हैं।

शनिवार को भारी बारिश के दौरान ग्राम प्रतिनिधि स्कूल पहुंचे और प्रधानाचार्य भारती शर्मा से चर्चा कर भवन की स्थिति को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए अवकाश की मांग की।

इसी दिन जिला कलेक्टर के निर्देश पर भवन निरीक्षण के तहत समग्र शिक्षा विभाग के कनिष्ठ अभियंता अनिल भट्ट स्कूल पहुंचे और विद्यालय की जर्जर हालत देखी। इसके बाद विद्यालय विकास समिति ने एक बार फिर प्रस्ताव बनाकर भेजा है।

#### इनका कहना है

विद्यालय भवन के बारे में अब तक कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।
**राजेश शर्मा, सीबीईओ, सहाड़ा**

कई बार प्रस्ताव भेजे गए हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।
**ललिता सोमाणी, सरपंच**

मैंने हाल ही में कार्यभार संभाला है। भवन की स्थिति को देखते हुए सोमवार से खराब कक्षा कक्षों में विद्यार्थियों को नहीं बैठाया जाएगा।÷
**भारती शर्मा, प्रिंसिपल**

# भारत विकास परिषद की बिजौलिया शाखा को मिली नई कार्यकारिणी, दायित्व ग्रहण समारोह सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया







**रमेश गुर्जर** । भारत विकास परिषद की नवगठित बिजौलिया शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह शनिवार को नला का माताजी स्थित धर्मशाला में गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, रीजनल अध्यक्ष एवं पदस्थापना अधिकारी अरविंद गोयल, विधायक गोपाल खंडेलवाल के विशिष्ट आतिथ्य एवं प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ ।

कार्यक्रम की शुरुआत में नवचयनित पदाधिकारियों को विधिवत रूप शपथ दिलाई गई, जिनमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष डॉ. नाना लाल धाकड़ , सरक्षक डॉ. दुर्गा शंकर मेहर , सचिव वेद प्रकाश तिवाड़ी एवं कोषाध्यक्ष नवीन जैन सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने परिषद से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा की भारत विकास परिषद एक ऐसा संगठन है, जो शिक्षित और जागरूक समाजसेवियों का समूह है। यह सिर्फ संगठन नहीं, समाज सेवा की जीवंत परंपरा है। सेवा का अवसर बार-बार नहीं मिलता, इसलिए जब भी मौका मिले, उसे पूरी निष्ठा से निभाएं।÷

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा किए जा रहे समाजहित के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा परिषद से जुड़े सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता योग्य हैं, समाज सेवा की गहरी भावना रखते हैं और संगठन की नीतियों पर खरे उतरते हैं। मुझे विश्वास है कि यह टीम संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। समारोह में रीजनल अध्यक्ष सीए अरविंद द्य गोयल, पूर्व अध्यक्ष मोहन लाल जोशी , शाखा संयोजक मुकेश जैन,मनोज गोधा सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही ।

# बिजोलिया में ढाई करोड़ की लागत से बनेगी पानी की टंकी

## "भाजपा सरकार में विकास को मिल रही गति" - विधायक खंडेलवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



कस्बे में ढाई करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ढाई लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी का शिलान्यास शनिवार को विधायक गोपाल खंडेलवाल ने मंत्रोच्चार के साथ किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी रही।

विधायक खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय विकास कार्य ठप पड़े रहे, लेकिन भाजपा सरकार में लगातार घोषणाएं और योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका और उप जिला चिकित्सालय की स्वीकृति मिल चुकी है और अगले माह से इनके निर्माण कार्य की शुरुआत हो जाएगी।

जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता बक्सूलाल गुर्जर और कनिष्ठ अभियंता रामप्रसाद धाकड़ ने बताया कि पानी की टंकी योजना के साथ-साथ नई पाइपलाइन भी डाली जाएगी, जिससे कस्बे में जलापूर्ति व्यवस्था बेहतर होगी।

कार्यक्रम में तहसीलदार ललित डीडवानिया, पालिका ईओ पंकज कुमार मंगल, पालिका अध्यक्ष पूजा चंद्रवाल, हितेंद्र राजोरा, सुनिल जोशी, विठ्ठल तिवारी, कमलेश कोली, चेतन पंवार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


शिलान्यास के बाद विधायक खंडेलवाल ने देवरी मंदिर के पीछे नवनिर्मित ट्यूबवेल का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने उन्हें साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

# नगर निगम के नए वाहन बेड़े का आज उपमुख्यमंत्री बैरवा करेंगे उद्घाटन

## भीलवाड़ा नगर निगम के इतिहास में पहली बार सबसे बड़ा वाहन बेड़ा शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




नगर निगम भीलवाड़ा के सफाई बेड़े को और अधिक सशक्त बनाने के लिए नवीन वाहन बेड़े का शुभारंभ रविवार, 27 जुलाई को सुबह 9 बजे उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा द्वारा किया जाएगा। यह उद्घाटन नगर निगम परिसर में झंडी दिखाकर संपन्न होगा।

महापौर राकेश पाठक ने बताया कि नगर निगम के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर वाहनों की खरीदी की गई है। इस वाहन बेड़े में 8 डंपर और 3 जेसीबी मशीनें शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि इन नए वाहनों के शामिल होने से शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा और नगर निगम की कार्यक्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# स्कूल बैग, स्टेशनरी व पानी की बोतल पाकर बच्चों के खिले चेहरे

## बैंक ऑफ बड़ौदा त्रिवेणी शाखा की पहल, गफेसरा स्कूल में सामग्री वितरण व पौधारोपण

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)**



किशनगढ़ ग्राम पंचायत के गफेसरा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को बच्चों को निःशुल्क स्कूल बैग, पानी बोतल व स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। यह पहल बैंक ऑफ बड़ौदा, त्रिवेणी शाखा बरूखेड़ा के शाखा प्रबंधक शत्रुधन सिंह व उनके स्टाफ द्वारा की गई, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम सिंह राणावत ने की, जबकि पूर्व सरपंच अरविंद सिंह एवं श्यामलाल गुर्जर मुख्य अतिथि रहे। बैंक मैनेजर शत्रुधन सिंह, जो इसी स्कूल से पढ़े हैं, ने भावुक होकर कहा कि विद्यालय से भावनात्मक जुड़ाव है और बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने की यह कोशिश है। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा भी दिलाया।

इस अवसर पर पीईईओ शिरीन परवीन ने विद्यालय का अवलोकन किया। ग्रामीणों ने एकल शिक्षक विद्यालय में अतिरिक्त स्टाफ नियुक्ति की मांग की। संस्था प्रधान देबीलाल बैरवा ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी और सभी आगंतुकों, बैंक स्टाफ व ग्रामीणों का आभार जताया। कार्यक्रम में बैंक स्टाफ रोहित कुमार रावल, चैनाराम चौधरी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विद्यालय परिसर में 50 पौधे भी लगाए गए।

# बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि, लापरवाह शिक्षकों पर होगी सख्त कार्रवाई : कृष्ण कुणाल

## 7 दिन विभागीय शोक, मृतकों के परिजनों को 10 लाख की सहायता

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

**डॉ. चेतन ठठेरा**




झालावाड़ जिले के पीपलोदी स्कूल में कक्षा की छत गिरने की घटना के बाद शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने शनिवार को प्रदेशभर के शिक्षा अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आपात बैठक की। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के बच्चे हमारी जिम्मेदारी हैं, लापरवाह शिक्षकों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

उन्होंने सभी पीईईओ को 30 जुलाई तक स्कूलों के कक्षों की भौतिक रिपोर्ट भिजवाने, जिओ टैगिंग और ऐप आधारित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। साथ ही हर विद्यालय में डिजास्टर मैनेजमेंट ट्रेनिंग, प्राथमिक उपचार सुविधा और बारिश में जलभराव जैसे खतरों की रिपोर्टिंग पर बल दिया।

शासन सचिव ने स्पष्ट किया कि दुर्घटनाओं पर राजनीति नहीं, संवेदनशीलता से काम हो।

प्रत्येक मृतक छात्र के परिवार को ?10 लाख की सहायता, कक्षा कक्ष का नामकरण उनके नाम पर किया जाएगा। साथ ही, विभागीय कार्यालयों में 7 दिन तक शोक, कोई आयोजन नहीं होगा।

शासन सचिव ने झालावाड़ पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और अधिकारियों को बेहतर इलाज व समन्वय के निर्देश दिए।

बैठक में निदेशक सीताराम जाट, परियोजना निदेशक अनुपमा जोरवाल सहित प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी शामिल रहे।

## QUICK BITES

# श्रावण मास में नगर निगम का आयोजनः वार्ड 8 में सहस्त्रधारा अभिषेक, आज डिप्टी सीएम बैरवा होंगे शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास में 70 वार्डों में 70 सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शनिवार को वार्ड 8 के शिव मंदिर में भव्य अभिषेक हुआ। महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व और पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया की उपस्थिति में 51 जोड़ों ने अभिषेक में भाग लिया।

इस दौरान पार्षद संतोष कंवर व प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह ने महापौर व पं. योगेंद्र शास्त्री का तलवार भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, पार्षद व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रविवार को सुबह 8 बजे वार्ड 22 आजादनगर स्थित नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक होगा, जिसमें डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा शामिल होंगे। इसके अलावा वार्ड 7 पीपलेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 11 बजे तथा वार्ड 13 डी सेक्टर मंशापूर्ण महादेव मंदिर में शाम 4 बजे सहस्त्रधारा अभिषेक होगा।

# गुरु शिष्य परंपरा ज्ञान व आध्यात्मिक विकास का माध्यमः सीए नवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा द्वारा एमएलवी गवर्नमेंट कॉलेज में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता सीए मुकेश चंद्र नवाल ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और यह ज्ञान, कौशल व आध्यात्मिक विकास का आधार है। उन्होंने राष्ट्र प्रेम, गुरु सम्मान और संस्कारों के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में 250 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। स्वामी विवेकानंद व भारत माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। शिक्षकों को उपरणा, पेन व नोटबुक भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य को श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार व्यक्त किया गया। शाखा अध्यक्ष प्रेम नारायण मिश्रा, सचिव सतीश बोहरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संस्कार प्रकल्प के तहत हुआ, जिसका उद्देश्य छात्रों को नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। अंत में गोपाल समदानी ने सभी को संस्कृति व राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की शपथ दिलाई।

# बालिका विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## "सम्मान से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा" - डॉ. चेतना जागेटिया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



गुलमंडी बालिका विद्यालय में माहेश्वरी कपल क्लब भीलवाड़ा द्वारा प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. चेतना सुनील जागेटिया ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में 30 छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीता डॉ. सोडाणी ने की, जबकि डॉ. अशोक सोडाणी, इंदिरा सोमानी सहित कई अतिथि मौजूद रहे । प्रधानाचार्य उषा शर्मा ने क्लब का आभार जताते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की। अगला कार्यक्रम सांगानेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890